Milk सेंटर की आड़ में चल रहा था नकली दूध बनाने का गोरखधंधा, मौके से बरामद हुईं ये जानलेवा चीजें

Bulandshahr News Today: थोड़े से मुनाफे के लालच में मिलावटखोर इंसानी जिंदगी को खतरे में डाल रहे है. मिलवाटखोरो पर बुलंदशहर में फूड सेफ्टी विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है. इस मामले में फूड विभाग ने पराग मिल्क कलेक्शन सेंटर की आड़ में नकली दूध बनाने के गोरख धंधे का खुलासा करते हुए मौके से बड़ी मात्रा में नकली दूध बरामद किया है.

यह मामला बुलंदशहर के खानपुर थाना क्षेत्र के गांव गुरावली स्थित पराग मिल्क कलेक्शन सेंटर का है, जहां पराग मिल्क कलेक्शन सेंटर की आड़ में नकली दूध बनाने का गोरखधंधा चल रहा था. इस मामले में बुलंदशहर फूड सेफ्टी विभाग ने कार्रवाई करते हुए नकली दूध बरामद किया है. मिलावटखोर सिंथेटिक दूध को असली दूध में मिलाकर बेचते थे.

Source: https://www.abplive.com/states/up-uk/bulandshahr-food-safety-department-exposed-gang-making-fake-milk-guise-parag-milk-centre-ann-2879594